12/4/17 पत्रावली पेश हुई। वकील फरीकैन हाजिर
PO साहब अवकाश पर है।
पत्रावली पूर्वानुसार दिनांक 10/5/17
को पेश हो।

10/5/17 पत्रावली पेश हुई। वकील फरीकैन उपस्थित। P.O. साहब राजस्व लोक अदालत कैम्प - मेंगेपुरा में व्यस्त है। पत्रावली पूर्वानुसार दिनांक 16/6/17 को पेश हो।

16/6/17 पत्रावली राजस्व लोक अदालत कैम्प बाटदा पर पेश हुई। वादी विष्णुचंद उपस्थित। अन्य वादी व प्रतिवादीगण उपस्थित नहीं होने से राजीनामा नहीं हो सकता। पत्रावली वास्ते तलबी प्रतिवादीगण दिनांक 30/6/17 को पेश हो।

30/6/17 पत्रावली पेश हुई। वादीगण व वकील प्रतिवादीगण उपस्थित एवं वकील वादीगण उपस्थित। वादीगण ने वाद पत्र के विड्रॉ करने का आवेदन पेश किया। नकल वकील प्रतिवादीगण को दिलाई गई। वकील प्रतिवादीगण प्रा० पत्र का कोई जवाब पेश नहीं करना चाहते हैं। अतः जवाब प्रार्थना पत्र बन्द किया जाता है। प्रार्थना पत्र पर उभयपक्ष वकील को सुना गया। दौराने बहस वकील प्रतिवादीगण को प्रार्थना पत्र स्वीकार कर दावा विड्रॉ किये जाने में कोई आपत्ति नहीं है।

अतः प्रार्थना पत्र वादीगण स्वीकार किया जाकर वादीगण को दावा विड्रॉ करने की इजाजत दी जाती है। दावा विड्रॉ में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

प्रकाश शर्मा
श्यामसुन्दर
रामरतन

उपखण्ड अधिकारी
मण्डरायल (करौली)